मीरजापुर पुलिस
प्रेस नोट
संख्याः36/2022
दिनांक: 23.07.2022

अनुमानित कीमत ₹ 11 लाख की हेरोइन के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार —

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा' द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांक 23.07.2022 को प्रभारी निरीक्षक चुनार मय पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील थे इस दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर मेढ़िया तिराहा पक्की सड़क श्मशान घाट चुनार से 02 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 105 ग्राम हेरोइन (अनुमानित कीमत 11 लाख रूपया) व हेरोइन बिक्री के 51 हजार रूपये बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चुनार पर मु0अ0स0-193/2022 धारा 8/21 **NDPS** एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त —

1. अमित कुमार साहनी पुत्र पंचम निवासी सराय टेकौर थाना चुनार जनपद मीरजापुर।
2. विकाश कुमार चौधरी पुत्र विजय चौधरी निवासी सराय टेकौर थाना चुनार जनपद मीरजापुर।

बरामदगी विवरण —

- 105 ग्राम हेरोइन (अनुमानित कीमत 11 लाख रूपया)
- हेरोइन बिक्री के 51 हजार रूपये।
- 01 अदद मिनी वैंट मशीन।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

प्रभारी निरीक्षक त्रिवेण लाल सेन थाना चुनार मीरजापुर मय पुलिस टीम।

***नोट— * पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा पुलिस टीम को ₹ 10 हजार के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।**